**भारत सरकार**

**सहकारिता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1922**

**15 दिसम्बर, 2021 को उत्तरार्थ**

**विषयः सहकारी समितियों में वित्तीय संकट**

**1922. श्री संजय सिंह:**

**क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) देश में वर्तमान में कितनी सहकारी समितियाँ कार्यरत हैं;

(ख) क्या महामारी के परिणामस्वरुप इन सहकारी समितियों में वित्तीय संकट उत्पन्न हो गया है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संकट को दूर करने के लिये घोषित किए गए राहत उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

**(क)** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) द्वारा प्रकाशित सांख्यिकीय प्रोफाइल-2018 के अनुसार, भारत में लगभग 8,54,355 सहकारी समितियां कार्यरत हैं।

**(ख) से (घ)** कोविड -19 महामारी ने सहकारिता सहित सभी क्षेत्रों को व्यापक रूप से प्रभावित किया। तथापि, भारत में सहकारी क्षेत्र पर महामारी के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

*****